भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 42
जिसका उत्तर बुधवार 16 नवंबर, 2016 को दिया जाना है

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स का कार्यकरण

42. श्री के. के. रागेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास हिन्दुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी) के विभिन्न संयंत्रों के कार्यकरण और क्षमता संबंधी उपयोग के बारे में कोई ब्यौरे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा एचएमटी के किन्हीं संयंत्रों को बंद करने का प्रस्ताव किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड (एचएमटी लिमिटेड की सहायक कंपनी) के विभिन्न संयंत्रों का वर्ष 2015-16 के लिए क्षमता संबंधी उपयोग का ब्यौरा नीचे दर्शाया गया है:

इकाई	**मशीनों की संख्या**	**स्थापित क्षमता (घंटों में)**	**वास्तविक क्षमता उपयोग**	
			(घंटों में)	**%**
मशीन टूल्स डिवीजन, बैंगलोर (एमबीएक्स)	193	503386	200370	39.78
मशीन टूल्स डिवीजन, पिंजौर (एमटीपी)	97	229133	110195	48.09
मशीन टूल्स डिवीजन, कलमासेरी (एमटीके)	185	431150	193254	44.82
मशीन टूल्स डिवीजन, हैदराबाद (एमटीएच)	170	390015	89195	22.87
मशीन टूल्स डिवीजन, अजमेर (एमटीए)	113	278919	110937	39.77
एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड (एमटीएल) का योग	**758**	**1832603**	**703951**	**38.41**

(ग) और (घ): दिनांक 06.01.2016 के सरकार के निर्णय के अनुसार एचएमटी की निम्नलिखित तीन सहायक कंपनियों का प्रचालन बंद कर दिया गया है:

1. एचएमटी वाचिज लिमिटेड
2. एचएमटी चिनार वाचिज लिमिटेड
3. एचएमटी बेयरिंग्स लिमिटेड

सरकार ने दिनांक 27.10.2016 को एचएमटी लिमिटेड के ट्रैक्टर डिवीजन को बंद करने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया है।

****